# कोटा में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में राजस्थान मंत्रिमंडल ने **कोटा में एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे** और **जयपुर में एक एयरोसिटी परियोजना** के निर्माण को अनुमति दी।

## मुख्य बिंदु:

- अधिकारियों के अनुसार, राज्य के कई हवाई अड्डों पर **कार्गो सेवाएँ शुरू की जाएँगी।**
- **राजस्थान का लक्ष्य विद्युत उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है।** सौर ऊर्जा **के लिये नई तकनीक विकसित की जाएगी।**
- राज्य में **किशनगढ़, भीलवाड़ा और झालावाड़** में तीन **फ्लाइंग स्कूल खोले जाएँगे,** जिससे रोज़गार के अवसर उत्पन्न होंगे।

## विमानन क्षेत्र (Aviation Sector) हेतु सरकार द्वारा उठाए गए कदम

- **डोमेस्टिक मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल (MRO) सेवाओं के लिये वस्तु एवं सेवा कर (GST) की दर 18% से घटाकर 5% कर दी गई।**
- **आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना (Emergency Credit Line Guarantee Scheme- ECLGS) 3.0** के तहत लाभ नागरिक विमानन क्षेत्र तक बढ़ा दिये गए हैं।
- **क्षेत्रीय संपर्क योजना (Regional Connectivity Scheme- RCS)- उड़ान UDAN** (उड़े देश का आम नागरिक) उड़ानों के संचालन ने PPP मार्ग के माध्यम द्वारा मौजूदा और नए हवाई अड्डों में निजी निवेश को बढ़ावा दिया।
- कुशल हवाई क्षेत्र प्रबंधन, छोटे मार्गों और कम ईंधन खपत के लिये भारतीय वायु सेना के साथ समंवय में भारतीय हवाई क्षेत्र में मार्ग युक्तिकरण।
- क्षेत्रीय विकास को प्रोत्साहित करने और नागरिकों को किफायती हवाई यात्रा उपलब्ध कराने के लिये टियर-II तथा टियर-III शहरों में असेवित एवं अल्पसेवित हवाई अड्डों तक हवाई संपर्क को बढ़ावा देने हेतु **RCS-UDAN** योजना शुरू की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/greenfield-airport-in-kota